रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1170] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अप्रैल 27, 2017/वैशाख 7, 1939

No. 1170] NEW DELHI, THURSDAY, APRIL 27, 2017/VAISAKHA 7, 1939

पोत परिवहन मंत्रालय

(पत्तन स्कंध)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 अप्रैल, 2017

का.आ. 1320(अ).—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 2 के खंड (थ) के साथ पठित भारतीय पत्तन अधिनियम, 1908 (1908 का 15) की धारा 5 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के पूर्व के पोत परिवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की दिनांक 26 अक्तूबर, 2006 की सं० जी.एस.आर. सं० 672 (अ) के द्वारा जारी अधिसूचना के अधिक्रमण में, ऐसे अधिक्रमण से पूर्व की गई अथवा लोप की गई चीजों को छोड़कर केंद्र सरकार एतद्द्वारा घोषित करती है कि मुंबई पत्तन की सीमाएं इस प्रकार से होंगी:—

उत्तर में:-

ट्रॉम्बे गांव के निकट और दक्षिण-पश्चिम सीमा-स्तंभ में ट्रॉम्बे द्वीप के तट से पिर पाउ तक, वहां से ट्रॉम्बे द्वीप के तट से अनिक गांव में सर्वेक्षण संख्या 42 में अवस्थित सीमा स्तंभ तक और वहां से माहुल गांव की मंकरी खाड़ी के पार चांदनी नाम की मंकरी खाड़ी के दक्षिण तट पर अवस्थिति सीमा-स्तंभ तक।

पश्चिम में:-

चांदनी नाम की मंकरी खाड़ी के दक्षिणी तट पर अवस्थित सीमा-स्तंभ से मुंबई द्वीप के पूर्वी तट से कोलाबा प्वॉइंट के दक्षिणी चरम बिंदु तक, वहां से पश्च खाड़ी के तट से मालबार प्वॉइट तक, वहां से अक्षांश 18°56.3' उत्तर, देशांतर 72°45.9' पूर्व में एक बिंदु तक खिंची गई रेखा तक, वहां से अक्षांश 18°57' उत्तर, देशांतर 72°44' पूर्व में एक बिंदु तक, वहां से अक्षांश 18°57' उत्तर, देशांतर 72°37' पूर्व में एक बिंदु तक, वहां से एक अक्षांश 18°55' उत्तर, देशांतर 72°37' पूर्व में एक बिंदु तक, वहां से 18°55' उत्तर, देशांतर 72°41' पूर्व में एक बिंदु तक, अक्षांश 18°48.8' उत्तर, देशांतर 72°40.9' पूर्व में एक बिंदु तक, वहां से अक्षांश 18°47.7' उत्तर, देशांतर 72°45.4' पूर्व में एक बिंदु तक और कान्होजी आंग्रे द्वीप के पश्चिम बिंदु पर सीमा स्तंभ तक कायम तथा वहां से उपर्युक्त द्वीप पश्चिम तट से उसके दक्षिण बिंदु पर सीमा स्तंभ तक।

दक्षिण में:-

कुन्डरी के दक्षिण बिंदु से होकर कुन्डरी (कनेरी) के दक्षिण बिंदु पर सीमा-स्तंभ से नवगाम (नवद्वार नवगांव) नामक गांव के दक्षिण में मुख्य भूमि पर सीमा-स्तंभ तक, खींची गई रेखा।